उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 से संदर्भित G20 सम्मेलन के प्रचार प्रसार हेतु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों में सम्पन्न कराया गया।

उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 से संदर्भित G20 सम्मेलन के प्रचार प्रसार हेतु उत्तर प्रदेश शासन से प्राप्त आदेश के अनुपालनार्थ आज दिनांक 08 फरवरी 2023 को जनता कॉलेज बकेवर में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी के निर्देशन एवं श्री गोपीनाथ मौर्या , प्राध्यापक वाणिज्य संकाय के संयोजन मे दो चरणों में सम्पन्न कराया गया। प्रथम चरण का आयोजन दिनांक 07 फरवरी को "G 20 डिजिटल अर्थव्यवस्था और आर्थिक विकास के साथ जुड़ाव " विषय पर किया गया और चयनित प्रतिभागियों को द्वितीय चरण के लिए दिनांक 08 फरवरी को "G20 भारतीय संस्कृति और नई जीवन शैली" विषय पर अंतिम चयन हेतु आमंत्रित किया गया। भाषण प्रतियोगिता का प्रारंभ श्री मौर्या जी के द्वारा प्रतिभागियों एवं सम्मानित निर्णायक मंडल के सदस्यों के अभिवादन के साथ हुआ। प्रतिभागियों को भाषण के लिए 03 मिनट का समय निर्धारित था। श्री गोपीनाथ मौर्या ने जी 20 देशों के सम्मेलन को अवसर के रूप में बताया और भारतीय संस्कृति के मूल्यों , आदर्शों और जीवन शैली को आज संपूर्ण विश्व आत्मसात् कर रहा है जो भारत को विश्व गुरु की श्रेणी में ला दिया है। भाषण प्रतियोगिता का मूल्यांकन निर्णायक मंडल के सदस्य डा प्रकाश दुबे, डा ललित गुप्ता, डा नवीन अवस्थी ने किया। परिणामों की उद्घोषणा डॉक्टर दिव्य ज्योति मिश्रा ने किया , भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एम कॉम 1st सेमेस्टर की आकांक्षा शर्मा ने ऐतिहासिक मार्को मंदिर मस्जिद गुरुद्वारा के माध्यम से पर्यटन की विकास की बात कही, द्वितीय स्थान प्राप्त हर्ष शर्मा एम कॉम 1st सेमेस्टर ने G 20 को वसुधैव कुटुंबकम के साथ जोड़ा और तृतीय स्थान प्राप्त आकांक्षा जैन बीकॉम अंतिम वर्ष ने सुदृण भारतीय संस्कृति के विभिन्न आयामों को जी-20 के साथ जोड़ कर अपनी बात रखी । प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने सभी चयनित प्रतिभागियों को आशीर्वाद एवम बधाई प्रेषित की। अंत में श्री गोपी नाथ मौर्या ने भाषण प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों, निर्णायक मंडल व अन्य उपस्थित प्राध्यापकों व कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापन एवं आभार व्यक्त किया, और अंतिम रूप से चयनित छात्रों के भाषण की सॉफ्ट कॉपी को अंतिम मूल्यांकन हेतु क्षेत्रिय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर को प्रेषित कराया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर अशोक कुमार पाण्डेय , डा अभिषेक प्रताप सिंह और डा योगेश शुक्ला श्री गजेन्द्र सैंगर , डॉ आनंद सिंह, डॉक्टर ज्योति भदौरिया, डा बृहमानंद , डा मनोज कुमार यादव , डॉ आदित्य कुमार, डा सत्यार्थ प्रकाश मौर्य , डा संतोष चंदेल, श्री सुबोध शुक्ला, श्री देवेश चतुर्वेदी, व अन्य शिक्षणेत्तर कर्मचारी व विद्यार्थी ने अपनी सहभागिता की।

UP GLOBAL INVE
SUMMIT 2023

UP GLOBAL INVE